>

Title: Need to construct a ring road in Kurukshetra, Haryana-laid

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र): मैं सरकार का ध्यान कुरूक्षेत्र की एक समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ । कुरूक्षेत्र महाभारतकालीन विश्वप्रसिद्ध धार्मिक नगरी है । वहाँ पर 134 धार्मिक स्थल हैं । प्राचीन व विश्व प्रसिद्ध स्थल होने की वजह से वहां पर हर वर्ष लाखों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटक और धार्मिक श्रद्धालु आते हैं । माननीय अध्यक्ष जी, कुरूक्षेत्र जाने के लिए एक ही सड़क है जो शहर के बीच से निकलकर कैथल-पेहवा-पुनरी की तरफ निकलती है और राजस्थान की सीमा को स्पर्श करती है । उसके उपर बहुत भीड़ रहती है और पूरा शहर ट्रैफिक समस्या से परेशान रहता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि कुरूक्षेत्र के अंदर एक रिंग रोड बनाई जाए ताकि कुरूक्षेत्र के लोगों को तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं को ट्रैफिक समस्या से निजात मिल सके ।